झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 05 / 24 – 18 ,राँची / दिनांक: 17 / 05 / 2024

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए)– 2024 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना

पर्षद द्वारा दिनांक–28.04.2024 (रविवार) को आयोजित झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए) –2024 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) दिनांक–18.05.2024 से अधःभारित (Download) किया जा सकता है।

परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये है जिसे दिनांक–18.05.2024 से अधःभारित किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–30.04.2024 को जारी करते हुए दिनांक–04.05.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

17/05/2024

(रंजीता हेम्ब्रम, झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक